प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

..........................

- विधानसभा में आज राज्य के पूर्ण बजट पर हुई चर्चा का वित्त मंत्री दीया कुमारी देंगी जवाब।
- राज्य की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल कर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से किया जायेगा क्रियान्वयन।
- राज्यपाल कलराज मिश्र आज जोधपुर के आयुर्वेद विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में करेंगे शिरकत–2 हजार 416 उपाधियां करेंगे प्रदान।
- ○ यूरो कप फुटबॉल 2024 का खिताब स्पेन ने जीता–फाइनल मैच में इंग्लैण्ड को 2–1 से हराया।

..........................

राज्य विधानसभा में आज पूर्ण बजट 2024–25 पर हुई चर्चा का सरकार की तरफ से जवाब दिया जाएगा। वित्त मंत्री के तौर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सरकार की ओर से जवाब देंगी। विधानसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे प्रश्नकाल से शुरू होगी, जिसमें गृह, चिकित्सा, शिक्षा और स्वायत्त शासन सहित अन्य विभागों से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे। शून्यकाल में कांग्रेस विधायक मनीष यादव कानून व्यवस्था पर और भाजपा विधायक भागचंद टांकड़ा बिजली विभाग से संबंधित मामलों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। कांग्रेस विधायक दयाराम परमार पर्यावरण संबंधी समिति के प्रतिवेदनों का और विधायक छगन सिंह राजपुरोहित एक याचिका का उपस्थापन करेंगे।

..........................

राज्य की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नई तकनीक का इस्तेमाल कर इनका गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन किया जायेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की कल नई दिल्ली में आयोजित समीक्षा बैठक में इनके क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रदेश के लिए प्रस्तावित नयी परियोजनाओं के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा तथा अजय टमटा सहित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी तथा राज्य के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

..........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से कल नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने राजस्थान में चिकित्सा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के संबंध में चर्चा की। राज्य में कृषि के लिए उर्वरकों की उपलब्धता के बारे में भी चर्चा की गई।

..........................

बारिश के मौसम के चलते चने की दाल के भावों में बढोतरी की संभावना को देखते हुए राज्य सरकार राशन की दुकानों पर सस्ती दरों पर चने की दाल की बिक्री शुरू करेगी। ये दाल 60 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध होगी। इसके लिए खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने एक एसओपी जारी की है। इसके तहत सभी जिला रसद अधिकारियों से प्रस्ताव मांगे गए है पूछा गया है कि उनके यहां बिक्री के लिए कितनी दाल की जरूरत है। राज्य सरकार एफसीआई के गोदाम से चना लेकर उसकी दाल बनवाकर राशन की दुकानों को उपलब्ध करवायेगी। दाल की बिक्री राशन की दुकानों के अलावा विभाग की ओर से जगह–जगह खोले गए बिक्री काउंटर और मोबाइल यूनिट्स पर भी होगी।

..........................

बारां जिले में छात्रावासों में रह रही बालिकाओं को एनीमिया से मुक्त करने के लिए "पोषित लाडो" अभियान आज से शुरू किया जा रहा है। जिला कलेक्टर रोहिताश सिंह तोमर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय से अभियान की शुरुआत से करेंगे।

..........................

जोधपुर के डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जायेगा। इसमें राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र भी शिरकत करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल ने बताया कि समारोह में स्नातक और

स्नातकोत्तर के छात्रों को कुल 2 हजार 416 उपाधियां प्रदान की जाएगी। वर्ष 2023 में उत्तीर्ण 40 पीएचडी धारकों को भी राज्यपाल उपाधियां प्रदान करेंगे। इसी तरह सभी संकायों के प्रथम वरीयता प्राप्त कुल 11 छात्रों को स्वर्ण पदक और वरीयता प्रमाण–पत्र दिये जायेंगे।

..........................

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब टीबी की जांच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई से करवाई जाएगी। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पायलट प्रोजेक्ट में कोटा को शामिल किया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नई तकनीक से जांच तुरंत और सटीक हो सकेगी।

..........................

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने संदिग्ध संक्रामक बीमारी चांदीपुरा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि इस बीमारी के बारे में और जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने बताया कि उदयपुर जिले के खेरवाड़ा ब्लॉक के दो गांवों में इस संदिग्ध बीमारी को लेकर सूचना मिली थी। गुजरात सीमा पर स्थित खेरवाड़ा ब्लॉक के नलफला और अखीवाड़ा गांवों के दो बच्चों का गुजरात के हिम्मतनगर में उपचार चल रहा था। इनमें से एक बच्चे की ईलाज में देरी के कारण मृत्यु हो गई, जबकि दूसरे बच्चे के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। डॉ. माथुर ने बताया कि इस रोग के संक्रमण के मामले गुजरात राज्य में पाये गये थे और राजस्थान में इस रोग का कोई केस दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि दर्ज किये गये दोनों मामलों में बच्चे खेरवाड़ा ब्लॉक के हैं और इस क्षेत्र के निवासी रोजगार के लिए गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में पलायन करते हैं। डॉ. माथुर ने बताया कि चांदीपुरा रोग एक वायरल संक्रमण है जो मच्छर, घुन और रेतीली मक्खी के माध्यम से फैलता है। इसके मुख्य लक्षण में बुखार आना, उल्टी होने और आकस्मिक दौरे पड़ना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लक्षण वाले मरीजों को विशेष सतर्कता बरतते हुए चिकित्सक की देखरेख में जल्द से जल्द ईलाज कराना चाहिए।

..........................

स्पेन ने यूरो कप फुटबॉल 2024 का खिताब जीत लिया है। कल खेले गये फाइनल मैच में स्पेन ने इंग्लैंड को 2–1 से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार चैंपियनशिप जीती है। निको विलियम्स ने स्पेन की तरफ से पहला गोल किया, लेकिन इंग्लैंड के कोल पामर ने 73वें मिनट में गोल करके मैच बराबरी पर ला दिया। अंत में, मिकेल ओयारज़ाबल के 86वें मिनट के गोल ने स्पेन को विजयी बढ़त दिला दी।

..........................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसून की हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है। कहीं–कहीं भारी बरसात के भी समाचार है। संचौर में कल शाम तेज बारिश हुई। वहीं कोटपूतली–बहरोड जिले में आई बरसात के बाद लोगों को उमस से राहत मिली। हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय सहित नोहर के सिरंगसर में तेज हवाओं के साथ बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। राजधानी जयपुर में आज सुबह से बादल छाये हुए है। मौसम विभाग के अनुसार आज जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा और जोधपुर संभाग के जिलों में कहीं–कहीं बादल गरजने और बिजली गिरने के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

..........................